# अंतराष्ट्रीय पोषक अनाज वर्ष एवं पौधारोपण कार्यक्रम

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के 71 वे जन्मदिन के उपलक्ष में इंदौर स्थित भा.कृ.अनु.प-भारतीय सोयाबीन अनुसन्धान संस्थान में दिनांक 17 सितम्बर को कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया. इस अवसर पर कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि भारतीय कृषि अनुसन्धान परिषद् , नई दिल्ली के सहायक महानिदेशक (तिलहन एवं दलहन) डॉ संजीव गुप्ता, जबलपुर कृषि विश्व विद्यालय के पूर्व शोध निदेशक डॉ एस.एस.तौमर, केद्र की निदेशक डॉ नीता खांडेकर द्वारा संस्थान में आवला के पौधों का वृक्षारोपण किया गया. भारतीय कृषि अनुसन्धान परिषद् , नई दिल्ली द्वारा इस दिन को अंतराष्ट्रीय पोषक अनाज वर्ष एवं पौधारोपण कार्यक्रम के रूप में मनाया जा रहा है. इस कार्यक्रम के अंतर्गत कल दिनाक १६ सितम्बर को धार जिले के रायन गाँव में किसान दिवस का भी आयोजन किया गया जिसमे लगभग 100 किसानो ने भाग लिया. इस अवसर पर संस्थान के वैज्ञानिको ने किसानो को पोषक अनाज जैसे बाजरा, रागी, ज्वार इत्यादि की मनुष्य के भोजन में उपयोगिता के बारे में बताया. साथ ही केंद्र के वैज्ञानिको ने सोयाबीन की फसल में आने वाली बिमारियों एवं कीटो से फसल को होने वाले नुकसान से बचाव के बारे में भी जानकारी दी. इस अवसर पर बोलते हुए केंद्र की निदेशक डॉ नीता खांडेकर ने किसानो का आव्हान किया की वे सोयाबीन में नई किस्मो का उपयोग करे और केंद्र द्वारा बताई गई नई तकनीको को अपनाए. डॉ खांडेकर ने किसानो को पोषक अनाज जैसे बाजरा, रागी, ज्वार इत्यादि की भोजन में उपयोगिता के बारे किसानो को जानकारी भी दी और इसके विभिन्न रूप से उपयोग करने के बारे में भी बताया. प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के ७१ वे जन्मदिन के उपलक्ष में संस्थान द्वारा किसानो की ७१ कन्याओं को पोषक अनाज समिलित भोजन भी करवाया गया. संस्थान में कार्यक्रम का संचालन संस्थान के प्रधान वैज्ञानिक डॉ महाराज सिंह द्वारा किया गया.

# International Year of Nutritious Cereals and Plantation Program

On the occasion of the 71st birth anniversary of Prime Minister Shri Narendra Modi, several programs were organized at the ICAR-Indian Institute of Soybean Research, Indore on 17th September. On this occasion, Dr Sanjeev Gupta, Assistant Director General (Oilseeds and Pulses) of Indian Council of Agricultural Research, New Delhi, Dr. SS Tomar, former Director Research, JNKVV Jabalpur, Dr Nita Khandekar, Acting Director, ICAR- IISR, Indore and staff planted 100 Aonla trees in the institute. Hundred Anola, mausambi, custard apple trees were also planted and hundred vegetable seed packets distributed among the villager from Rayan village of Dhar district. This day is being celebrated by the Indian Council of Agricultural Research, New Delhi as the International Year of Millets, Kisan  Diwas was also organized on 16th September in Rayan village of Dhar district in which about 100 farmers were participated. The scientists of the Institute also addressed the farmers with regard to the prevention of damage to the crop due to diseases and pests in soybean crop and the latest varieties. Speaking on the occasion, Dr. Nita Khandekar, Director of the Institute called upon the farmers to use new varieties in soybean and adopt the new techniques given by the Institute. Dr Khandekar also informed the farmers about the usefulness of nutritious grains like Bajra, Ragi, sorgham etc. in human food and also told about its various uses. On the occasion of the 71st birthday of Prime Minister Shri Narendra Modi ji, 71 girls were made aware of the role of millets in daily diet and were served lunches including millets at the institute. The program in the institute was coordinated by the Principal Scientist of the institute, Dr. Maharaj Singh.



**Dr Sanjeev Gupta, ADG (OP), Dr Nita Khandekar, Acting director & Dr Mahraj Singh PS, Planting anola sapling at ICAR-IISR, Indore**




**Tree planting at village Rayan, Dhar by Dr Nita Khandekar, Dr Sanjay Gupta and villagers**







**Seventy one *kanya* fed millet based lunch on the occasion of 71st birthday of Hon'ble PM Shri Narendra Modi Ji**